**राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, मध्य प्रदेश, तेजोमय सम्मान 2025 से विभूषित**

सागर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (SISTec), भोपाल द्वारा अपने रातीबड़ परिसर मे "विकसित भारत @2047" थीम से प्रेरित वार्षिक तकनीकी-सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय गौरव और 2047 तक विकसित भारत के लिए एक दृष्टिकोण प्रदर्शित किया गया । उत्कृष्टता को मान्यता देने की अपनी प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, SISTec ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर असाधारण योगदान देने वाले प्रतिष्ठित संगठनों को तेजोमय पुरस्कार 2025 प्रदान किए, जिनसे देश के विकास की गति मजबूत हुई।

ई-गवर्नन्स के क्षेत्र मे अपने उत्कृष्ट कार्य एवं समर्पण से राष्ट्र निर्माण में भागीदारी हेतु राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र को तेजोमय सम्मान 2025 प्रदान किया गया | संस्था की ओर से यह सम्मान मध्य प्रदेश राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी, श्री कमलेश जोशी द्वारा ग्रहण किया गया |










राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी, श्री कमलेश जोशी द्वारा उद्बोधन एवं सम्मान ग्रहण

इस कार्यक्रम मे इसके अलावा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण भोपाल, बीएचईएल भोपाल, केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम, मध्य प्रदेश शहरी विकास कंपनी को भी सम्मानित किया गया |




:- संकलन - श्रीमती सुषमा मिश्रा, वैज्ञानिक F